Adda247 GET IT ON Google Play

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

2. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

**OMR Sheet No. :** ....................................................

(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

**Roll No.** ____________________

(In words)

**Test Booklet No.**

**J—2008**

**PAPER—II**

# HINDI

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** (A) (B) ● (D)

   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the Answer Sheet given **inside the Paper I booklet only**. If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is NO negative marking.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)

   जबकि (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये** उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते है, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक ( कैलकुलेटर ) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

# Test Prime

## ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

**70,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**600+** Exam Covered

Previous Year Papers

**500%** Refund

IBPS

NABARD

**ATTEMPT FREE MOCK NOW**

Adda247 GET IT ON Google Play

# HINDI

# हिन्दी

## PAPER – II

## प्रश्न-पत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक निर्धारित हैं। विद्यार्थी **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें।

**1.** पाणिनि ने किस ग्रंथ के द्वारा भाषा को एकरूपता देने का प्रयास किया?

(A) महाभाष्य (B) अष्टाध्यायी

(C) योगवसिष्ठ (D) बृहस्पति नीतिसार

**2.** हिन्दी साहित्य के इतिहास का प्रथम लेखक कौन है?

(A) जार्ज ग्रियर्सन (B) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

(C) शिवसिंह सेंगर (D) गार्सां द ताँसी

**3.** आदिकालीन साहित्य में वीर रस की रचनाओं में किस भाषा का प्रयोग किया गया?

(A) पिंगल (B) बुन्देली

(C) डिंगल (D) प्राकृत

**4.** 'साहित्य लहरी' की विषयवस्तु क्या है?

(A) नायिका भेद (B) अवतार लीला

(C) निर्गुण का खण्डन (D) नीति

Adda247 GET IT ON Google Play

5. आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने प्रेमाख्यान काव्य परंपरा का प्रथम कवि किसे माना है?

(A) मंझन (B) जायसी

(C) मुल्ला दाऊद (D) कुतुबन

6. 'जे हाल मिसकी मकुन तग़ाफुल दुराय नैना, बनाय बतियाँ।' पंक्ति किसकी है?

(A) अमीर खुसरो (B) मुल्ला दाऊद

(C) चंद बरदाई (D) रसलीन

7. इनमें से कौन पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है?

(A) कौरवी (B) बुंदेली

(C) मारवाड़ी (D) कन्नौजी

8. शब्द रचना में किसका योगदान नहीं होता?

(A) प्रत्यय (B) पद

(C) धातु (D) उपसर्ग

9. निम्नलिखित में से किस शब्द में रूप साधक प्रत्यय है?

(A) बचपन (B) लड़के

(C) मातृत्व (D) एकता

10. प्रसिद्ध साहित्यिक पत्रिका 'कल्पना' कहाँ से प्रकाशित होती थी?

(A) कोलकाता (B) त्रिवेन्द्रम

(C) मुंबई (D) हैदराबाद

Adda247 GET IT ON Google Play

11. 'रावरे रूप को रीति अनूप, नयो नयो लागत ज्यों ज्यों निहारिये' – किसकी पंक्ति है?

(A) बोधा (B) धनानन्द

(C) ठाकुर (D) देव

12. केसव कहि न जाइ का कहिए।
देखत तब रचना विचित्र अति, समुझि मनहि मन रहिए।
– किस कवि की पंक्तियाँ हैं?

(A) केशवदास (B) तुलसीदास

(C) सूरदास (D) नंददास

13. मिश्रबंधुओं में कौन नहीं है?

(A) शुकदेव बिहारी मिश्र (B) कृष्णबिहारी मिश्र

(C) श्यामबिहारी मिश्र (D) गणेशबिहारी मिश्र

14. इनमें से 'नई कहानी' आंदोलन के साथ कौन कहानीकार नहीं जुड़ा था?

(A) मोहन राकेश (B) कमलेश्वर

(C) ज्ञानरंजन (D) राजेन्द्र यादव

15. इनमें से 'गंगौली' गाँव किस उपन्यास के केन्द्र में है?

(A) जल टूटता हुआ (B) अलग अलग वैतरणी

(C) परती : परिकथा (D) आधा गाँव

Adda247 GET IT ON Google Play

16. ‘कोर्ट मार्शल’ नाटक समाज की किस समस्या पर आधारित है?

(A) जातिवाद
(B) नारी शोषण
(C) युद्ध की समस्या
(D) सांप्रदायिकता

17. विजयदेव नारायण साही की कविताएँ किस सप्तक में संग्रहीत हैं?

(A) तीसरा सप्तक
(B) चौथा सप्तक
(C) तार सप्तक
(D) दूसरा सप्तक

18. इसमें से कौन-सा उपन्यास विभाजन समस्या पर आधारित नहीं है?

(A) आधा गाँव
(B) आखिरी कलाम
(C) सूखा बरगद
(D) झूठा सच

19. ‘छायावाद का पतन’ किसका ग्रंथ है?

(A) नामवर सिंह
(B) विजयदेवनारायण साही
(C) डॉ. देवराज
(D) देवराज उपाध्याय

20. ‘ठेले पर हिमालय’ किसकी रचना है?

(A) धर्मवीर भारती
(B) अज्ञेय
(C) निर्मल वर्मा
(D) शरद जोशी

Adda247 GET IT ON Google Play

***निर्देश : प्रश्न संख्या 21 से 27 तक दी गई स्थापनाओं (assertions) और तर्कों (reasons) को ध्यानपूर्वक पढ़ें और बहुविकल्पीय उत्तरों में से सही उत्तर का चयन करें।***

21. **स्थापना (A) :** जैसे वीर कर्म से पृथक वीरत्व कोई पदार्थ नहीं, वैसे ही सुंदर वस्तु से पृथक सौन्दर्य कोई पदार्थ नहीं।

**तर्क (R) :** सौन्दर्य मनोगत नहीं होता, वस्तुगत होता है।

(A) **(A)** सही **(R)** गलत
(B) **(A)** और **(R)** दोनों गलत
(C) **(A)** और **(R)** दोनों सही
(D) **(A)** गलत **(R)** सही

22. **स्थापना (A) :** नारी का आकर्षण पुरुष को पुरुष बनाता है, और उसका अपकर्षण उसे गौतम बुद्ध बना देता है।

**तर्क (R) :** गौतम के वैराग्य में यशोधरा के प्रति अपकर्षण नहीं, बल्कि बुद्धत्व प्राप्ति के लिए उनका संकल्प कारणभूत था।

(A) **(A)** और **(R)** दोनों गलत
(B) **(A)** गलत **(R)** सही
(C) **(A)** और **(R)** दोनों सही
(D) **(A)** सही **(R)** गलत

23. **स्थापना (A) :** भक्ति और प्रेम दोनों में समर्पण का तत्व समान है।

**तर्क (R) :** भक्ति और प्रेम स्व के परित्याग से संभव है।

(A) **(A)** गलत **(R)** सही
(B) **(A)** और **(R)** दोनों गलत
(C) **(A)** सही **(R)** गलत
(D) **(A)** और **(R)** दोनों सही

24. **स्थापना (A) :** रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून,
पानी गए न ऊबरै, मोती मानुस चून।

**तर्क (R) :** धन बल और सत्ता बल के आगे पानीदार मनुष्य भी असमर्थ और निरीह है।

(A) **(A)** सही **(R)** गलत
(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही
(C) **(A)** गलत **(R)** सही
(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

Adda247 GET IT ON Google Play

25. **स्थापना (A) :** काव्य में भावपक्ष और कलापक्ष दोनों असंपृक्त हैं।

**तर्क (R) :** रचना में भाषा और संवेदना परस्पर आश्रित हैं।

(A) **(A)** और **(R)** दोनों गलत
(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही
(C) **(A)** गलत **(R)** सही
(D) **(A)** सही **(R)** गलत

26. **स्थापना (A) :** प्रेम गली अति साँकरी, तामे द्वै न समाय।

**तर्क (R) :** प्रेम मनुष्य को सीमित कर देता है।

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही
(B) **(A)** गलत **(R)** सही
(C) **(A)** और **(R)** दोनों गलत
(D) **(A)** सही **(R)** गलत

27. **स्थापना (A) :** जो ज्ञान मानवता को पीस डाले, वह ज्ञान नहीं कोल्हू है।

**तर्क (R) :** सच्चा ज्ञान मनुष्यता को उन्नत करता है, उसे नष्ट नहीं करता।

(A) **(A)** सही **(R)** गलत
(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही
(C) **(A)** गलत **(R)** सही
(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

Adda247

28. निम्नलिखित में कौन-सा युग्म संगत है?

(A) रस विमर्श – रामचंद्र शुक्ल
(B) रस मीमांसा – राममूर्ति त्रिपाठी
(C) रस सिद्धांत – आनन्द प्रकाश दीक्षित
(D) रसज्ञ रंजन – महावीर प्रसाद द्विवेदी

29. निम्नलिखित में कौन-सा युग्म असंगत है?

(A) बरवै रामायण – तुलसीदास
(B) बरवै नायिका भेद – रहीम
(C) कृष्ण गीतावली – सूरदास
(D) विज्ञान गीता – केशवदास

Adda247 GET IT ON Google Play

**30.** निम्नलिखित में कौन-सा युग्म असंगत है?

(A) माधवी - दूधनाथ सिंह

(B) द्रोपदी - सुरेन्द्र वर्मा

(C) उत्तरप्रियदर्शी - अज्ञेय

(D) मृदुला गर्ग - एक और अजनबी

**31.** प्रकाशन काल की दृष्टि से कौन-सा अनुक्रम सही है?

(A) माँ, श्यामास्वप्न, सत्ती मैया का चौरा, सोनामाटी

(B) सत्ती मैया का चौरा, सोनामाटी, माँ, श्यामास्वप्न

(C) श्यामास्वप्न, माँ, सत्ती मैया का चौरा, सोनामाटी

(D) सोनामाटी, सत्ती मैया का चौरा, श्यामास्वप्न, माँ

**32.** कालक्रम की दृष्टि से निम्नलिखित कहानियों का सही अनुक्रम क्या है?

(A) ममता, गूँगे, सुखमय जीवन, जिंदगी और जोंक

(B) सुखमय जीवन, ममता, गूँगे, जिंदगी और जोंक

(C) जिंदगी और जोंक, सुखमय जीवन, ममता, गूँगे

(D) गूँगे, ममता, जिंदगी और जोंक, सुखमय जीवन

**33.** कालक्रम की दृष्टि से पत्रिकाओं का सही अनुक्रम क्या है?

(A) सरस्वती, श्री शारदा, आनंद कादंबनी, प्रतीक

(B) श्री शारदा, प्रतीक, आनंद कादंबनी, सरस्वती

(C) सरस्वती, श्री शारदा, प्रतीक, आनंद कादंबनी

(D) आनंद कादंबनी, सरस्वती, श्री शारदा, प्रतीक

Adda247 GET IT ON Google Play

**34.** निम्नलिखित काव्य संग्रहों के प्रकाशन का सही अनुक्रम क्या है?

(A) गुंजन, पल्लव, वीणा, ग्रंथि
(B) पल्लव, वीणा, ग्रंथि, गुंजन
(C) ग्रंथि, वीणा, पल्लव, गुंजन
(D) वीणा, ग्रंथि, गुंजन, पल्लव

**35.** कालक्रम की दृष्टि से यशपाल के निम्नलिखित उपन्यासों का सही अनुक्रम क्या है?

(A) दादा कामरेड, देशद्रोही, दिव्या, झूठा सच
(B) झूठा सच, देशद्रोही, दिव्या, दादा कामरेड
(C) देशद्रोही, दिव्या, दादा कामरेड, झूठा सच
(D) दिव्या, दादा कामरेड, झूठा सच, देशद्रोही

**36.** कालक्रम की दृष्टि से निबंध संग्रह का सही अनुक्रम क्या है?

(A) कल्पलता, श्रृंखला की कड़ियाँ, शिवशंभु के चिट्ठे, रसज्ञ रंजन
(B) शिवशंभु के चिट्ठे, कल्पलता, श्रृंखला की कड़ियाँ, रसज्ञ रंजन
(C) शिवशंभु के चिट्ठे, रसज्ञ रंजन, श्रृंखला की कड़ियाँ, कल्पलता
(D) रसज्ञ रंजन, श्रृंखला की कड़ियाँ, कल्पलता, शिवशंभु के चिट्ठे

**37.** कालक्रम की दृष्टि से अज्ञेय के निम्नलिखित काव्य संग्रहों का सही अनुक्रम क्या है?

(A) कितनी नावों में कितनी बार, इत्यलम, सागर मुद्रा, हरी घास पर क्षणभर
(B) सागर मुद्रा, कितनी नावों में कितनी बार, हरी घास पर क्षणभर, इत्यलम
(C) हरी घास पर क्षणभर, कितनी नावों में कितनी बार, सागर मुद्रा, इत्यलम
(D) इत्यलम, हरी घास पर क्षणभर, कितनी नावों में कितनी बार, सागर मुद्रा

Adda247 GET IT ON Google Play

38. निम्नलिखित काव्य पंक्तियों को उनकी भाषा के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | जसुमति हरि पालने झुलावै | (i) | डिंगल |
| (b) | तेहि अवसर एक तापस आवा।<br>तेजपुंज लघु बयस सुहावा।। | (ii) | दखनी |
| (c) | अतिरंग स्वामी सूँ मिलि राति।<br>बेटी राजा भोज की। | (iii) | ब्रज |
| (d) | दखन है नगीना अँगूठी है जग<br>अँगूठी – कूँ हरकत नगीना है लग। | (iv) | मैथिली |
| | | (v) | अवधी |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (v) | (i) | (ii) |
| (B) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (ii) | (iii) | (v) | (i) |

39. निम्नलिखित क्रिया रचना को उनके सही भाषा रूप से सुमेलित कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | अयेउ | (i) | अवधी |
| (b) | अइल | (ii) | ब्रज |
| (c) | आवा | (iii) | अपभ्रंश |
| (d) | आयौ | (iv) | पालि |
| | | (v) | भोजपुरी |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (B) | (iii) | (v) | (i) | (ii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (v) |

Adda247 GET IT ON Google Play

**40.** निम्नलिखित काव्य ग्रंथों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | सतरंगिनी | (i) | निराला |
| (b) | सतरंगे पंखोंवाली | (ii) | केदारनाथ मिश्र 'प्रभात' |
| (c) | अणिमा | (iii) | बच्चन |
| (d) | ऋतंबरा | (iv) | नागार्जुन |
| | | (v) | बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (v) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (D) | (ii) | (v) | (iii) | (i) |

**41.** निम्नलिखित पंक्तियों को उनके सही अलंकारों के साथ सुमेलित कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | मुख नहीं चंद्रमा है | (i) | संदेह |
| (b) | मुख तो चंद्र ही है | (ii) | अपह्नुति |
| (c) | मुख देखकर चाँद का आभास हुआ | (iii) | रूपक |
| (d) | मुख है कि चाँद ? | (iv) | भ्रांतिमान |
| | | (v) | उत्प्रेक्षा |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (ii) | (i) | (iii) |
| (B) | (iii) | (v) | (ii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (i) | (v) | (ii) | (iii) |

**42.** इन उपन्यासों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | तमस | (i) | धर्मवीर भारती |
| (b) | पीली आँधी | (ii) | मोहन राकेश |
| (c) | अँधेरे बंद कमरे | (iii) | शिव प्रसाद सिंह |
| (d) | नीला चाँद | (iv) | भीष्म साहनी |
| | | (v) | प्रभा खेतान |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (v) | (ii) | (iii) |
| (B) | (v) | (i) | (iii) | (ii) |
| (C) | (i) | (iii) | (v) | (iv) |
| (D) | (ii) | (i) | (iii) | (v) |

**43.** निम्नलिखित पंक्तियों को उनके सही कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | द्रुत झरो जगत के जीर्ण पत्र | (i) | धूमिल |
| (b) | यह तीसरा आदमी कौन है?<br>मेरे देश की संसद मौन है। | (ii) | दिनकर |
| (c) | तोड़ने ही होंगे मठ और गढ़ सब | (iii) | पंत |
| (d) | आ गये प्रियवंद! केशकम्बली! गुफा गेह | (iv) | अज्ञेय |
| | | (v) | मुक्तिबोध |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (v) | (i) | (iv) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (C) | (v) | (ii) | (iii) | (i) |
| (D) | (iii) | (i) | (v) | (iv) |

Adda247 GET IT ON Google Play

**44.** निम्नलिखित शब्दों को उनके संधि के नाम के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | नीरोग | (i) | दीर्घ संधि |
| (b) | दीर्घाकार | (ii) | गुण संधि |
| (c) | सदाचार | (iii) | विसर्ग संधि |
| (d) | प्रत्येक | (iv) | वृद्धि संधि |
| | | (v) | व्यंजन संधि |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (v) | (i) |
| (B) | (iii) | (i) | (v) | (iv) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

**45.** निम्नलिखित काव्य लक्षणों को उनके आचार्यों के सही नामों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्। | (i) | विश्वनाथ |
| (b) | तद्दोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलंकृती पुन: क्वापि। | (ii) | भामह |
| (c) | वाक्यं रसात्मकं काव्यम्। | (iii) | पंडितराज जगन्नाथ |
| (d) | रमणीयार्थ – प्रतिपादक: शब्द: काव्यम्। | (iv) | मम्मट |
| | | (v) | आनंदवर्धन |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (i) | (iv) | (ii) |
| (B) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (C) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (D) | (iii) | (ii) | (v) | (iv) |

Adda247 GET IT ON Google Play

***निर्देश :*** ***निम्नलिखित गद्य अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उससे संबंधित प्रश्नों ( प्रश्न संख्या 46 से 50 तक ) के उत्तरों के दिए गए बहु विकल्पों में से सही विकल्प का चुनाव करें।***

लोक में फैली दुख की छाया को हटाने में ब्रह्म की आनंदकला, जो शक्तिमय रूप धारण करती है, उसकी भीषणता में भी अद्‌भुत मनोहरता, कटुता में भी अपूर्व मधुरता, प्रचंडता में भी गहरी आर्द्रता साथ लगी रहती है। विरुद्धों का यही सामंजस्य कर्मक्षेत्र का सौंदर्य है, जिसकी ओर आकर्षित हुए बिना मनुष्य का हृदय नहीं रह सकता। इस सामंजस्य का और कई रूपों में भी दर्शन होता है। किसी कोट, पतलून, हैट वाले को धाराप्रवाह संस्कृत बोलते अथवा किसी पंडितवेशधारी सज्जन को अंग्रेज़ी में प्रगल्भ वक्तृता देते सुन व्यक्तित्व का जो एक चमत्कार-सा दिखाई पड़ता है, उसकी तह में भी सामंजस्य का यही सौंदर्य समझना चाहिए। भीषणता और सरसता, कोमलता और कठोरता, कटुता और मधुरता, प्रचंडता और मृदुता का सामंजस्य ही लोकधर्म का सौंदर्य है। आदि कवि वाल्मीकि की वाणी इसी सौंदर्य के उद्‌घाटन महोत्सव का दिव्य संगीत है। सौंदर्य का यह उद्‌घाटन असौंदर्य का आवरण हटाकर होता है। धर्म और मंगल की यह ज्योति अधर्म और अमंगल की घटा को फाड़ती हुई फूटती है। इससे कवि हमारे सामने असौंदर्य, अमंगल, अत्याचार, क्लेश इत्यादि भी रखता है; रोष, हाहाकार और ध्वंस का दृश्य भी लाता है। पर सारे भाव, सारे रूप और सारे व्यापार भीतर-भीतर आनंदकला के विकास में ही योग देते पाए जाते हैं। यदि किसी ओर उन्मुख ज्वलंत रोष है, तो उसके और सब ओर करुण दृष्टि फैली दिखाई पड़ती है। यदि किसी ओर ध्वंस और हाहाकार है, तो और सब ओर उसका सहगामी रक्षा और कल्याण है। व्यास ने भी अपने ''जयकाव्य'' में अधर्म के पराभव और धर्म की जय का सौंदर्य प्रत्यक्ष किया।

Adda247

**46.** कर्मक्षेत्र का सौंदर्य किसमें है ?

(A) अन्याय के प्रति रोष दिखाने में

(B) लोगों के प्रति मृदुता के व्यवहार में

(C) विरोधी भावों के सामंजस्य में

(D) उपर्युक्त तीनों सही हैं।

**47.** सूटधारी के संस्कृत बोलने पर क्या प्रतिक्रिया मन में उठती है ?

(A) सामंजस्य की कमी दिखाई देती है।

(B) उसका अज्ञान प्रकट होता है।

(C) उसका संस्कृत प्रेम मन को छू जाता है।

(D) उसके संस्कृत उच्चारण पर हँसी आती है।

Adda247
GET IT ON Google Play

**48.** विध्वंस और अत्याचार के सहगामी भाव क्या हो सकते हैं?

(A) भ्रष्टाचार और क्लेश (B) रक्षा और मंगल का भाव

(C) अद्‌भुत मनोहरता का भाव (D) सौंदर्य का दिव्य संगीत

**49.** 'आनंदकला के विकास' से लेखक का क्या तात्पर्य है?

(A) जीवन में सरसता और कोमलता पैदा करना

(B) अधर्म को अधर्म से काटना

(C) अन्याय के प्रति रोष प्रकट करना

(D) सारे भाव, रूप और व्यापारों में उचित सामंजस्य

**50.** इस गद्य अवतरण के लिए उपयुक्त शीर्षक क्या है?

(A) विरोधों के सामंजस्य का सौंदर्य (B) सौंदर्य का उद्‌घाटन

(C) व्यास की काव्य कला (D) व्यक्तित्व का चमत्कार

Adda247

- o O o -

**Space For Rough Work**